लोक सभा अध्यक्ष ने मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री सत्यदेव कटारे के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, २० अक्टूबर २०१६: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री सत्यदेव कटारे के दुख़द निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा, "मुझे श्री सत्यदेव कटारे के निधन के समाचार से अत्यंत दुःख पहुंचा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित कर किया। लंबे समय उन्होंने प्रदेश की राजनीति और अपने क्षेत्र के लोगो के लिए कार्य किया। उनके निधन से मध्य प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।